गैरसैंण, मंगलवार
16 जनवरी 2024
वर्षः 14
अंकः 243 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा : 22 जनवरी को 'ड्राई डे' घोषित, इस राज्य सरकार ने किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसको लेकर पूरे देश में खुशी का माहौल है। इसी बीच मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा ऐलान कर दिया है। दरअसल मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 22 जनवरी को ड्राइ डे घोषित करने का फैसला लिया है। यानि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन राज्य में शराब और भांग व अन्य मादक पदार्थों की दुकानें बंद रहेंगी और इस दौरान शराब बिक्री पर रोक रहेगी। इतना ही नहीं इस दिन मध्य प्रदेश के कई जिलों में कलश यात्रा, रामलीली और प्रभातफेरी निकाली जाएगी। वहीं, लोग मंदिरों और घरों में दीप जलाकर दिवाली मनाएंगे ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया, '22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं वहां पर उपस्थित रहेंगे। पूरा देश आदर और श्रद्धा के साथ अपनी आंखों से इस कार्यक्रम को देखना चाहता है।

# पीएम–जनमन का उद्देश्य हर आदिवासी तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ऐसे लोगों तक पहुंच रही है जिनकी कभी परवाह नहीं की गयी और इसी कड़ी के तहत 'पीएम–जनमन' महाअभियान का लक्ष्य आदिवासी समुदाय के प्रत्येक सदस्य को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। पीएम मोदी ने सोमवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधान मंत्री आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम–जनमन) के तहत प्रधान मंत्री आवास योजना झ ग्रामीण (पीएमएवाई झ जी) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम–जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी की।



लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पक्के घरों के निर्माण के लिए उनके बैंक खातों में धनराशि के हस्तांतरण का उल्लेख करते हुए कहा, " एक तरफ, अयोध्या में दिवाली मनाई जा रही है, वहीं अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के एक लाख लोग भी दिवाली मना रहे हैं।"

पीएम मोदी ने पिछले दस वर्षों में गरीबों के लिए चार करोड़ स्थायी घरों के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा," पीएम–जनमन महाअभियान का लक्ष्य आदिवासी समुदाय के प्रत्येक सदस्य को सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करना है। दो महीने के भीतर, पीएम–जनमन मेगा अभियान ने ऐसे परिणाम हासिल किए हैं जिनका अन्य लोग केवल सपना देख सकते हैं।" भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम–जनमन के उद्घाटन के दौरान की चुनौतियों को याद करते हुए, प्रधान मंत्री ने देश के दूर–दराज, सुदूर और सीमावर्ती क्षेत्रों, जो आदिवासी समुदायों का घर है, तक लाभ पहुंचाने में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने दूषित पानी, बिजली, गैस कनेक्शन की पहुंच न होने और ऐसे क्षेत्रों में सड़कों और कनेक्टिविटी की कमी की चुनौतियों का सामना किया। जनमन योजना के नाम पर प्रधान मंत्री ने कहा, " जन' का अर्थ है लोग और 'मन' का अर्थ है उनके 'मन की बात' या उनकी आंतरिक आवाज"। उन्होंने दोहराया कि आदिवासी समुदायों की सभी इच्छाएं अब पूरी होंगी क्योंकि सरकार ने पीएम–जनमन मेगा अभियान पर 23,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की योजना बनाई है।

# विधि विधान से खुले आदिबदरी मंदिर के कपाट, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

### मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही सात दिवसीय मेला हुआ शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली :** श्री आदिबदरी मंदिर के कपाट मकर सक्रांति के पर्व पर पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजकर 30 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं।

परंपराओं के अनुसार मंदिर के कपाट वर्षभर में पौष माह के लिए बंद किए जाते हैं। मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही आदिबदरी में सात दिवसीय श्री आदिबदरी महाभिषेक समारोह तथा शीतकालीन पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास मेले का भी शुभारंभ हो गया है। मेले का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य समीर मिश्रा ने किया। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लेकर भी आदिबद्री मंदिर में विशेष पूजा अर्चना



एवं भजन कीर्तन शुरू हो गए है। मंदिर में मकर संक्रांति के मौके पर ब्रह्म मुहूर्त में पुजारी चक्रधर थपलियाल ने कपाट खुलने के मौके पर अभिषेक पूजा संपन्न करवाई। जिसके बाद भगवान नारायण को भोग और पंच ज्वाला आरती के बाद मंदिर में दर्शनों की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। मंदिर परिसर में सात दिवसीय महाभिषेक समारोह का शुभारंभ कर दिया गया है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश बहुगुणा, महासचिव हिमेन्द्र कुंवर, कोषाध्यक्ष बलवंत भंडारी, आचार्य नागेन्द्र तिवारी, चिंतामणि सेमवाल, प्रताप लूथरा, हरीश ड्यूडी, अरुण मैठाणी, विजयेश नवानी, वींरेंद्र प्रभु, विजय चमोला, नरेश बरमोला और नवीन बहुगुणा मौजूद थे।

# 'गठबंधन से पार्टी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा, देशभर में अपने बूते पर चुनाव लड़ेगी बसपा'

**लखनऊ, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बसपा ने अपना रुख साफ कर दिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी पूरे देश में अपने बूते पर अकेले चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कहा कि अपनी पार्टी के जनाधार को बनाए रखना बहुत जरूरी है। गठबंधन का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि गठबंधन करने से पार्टी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है, इससे हमारा वोट प्रतिशत भी घट जाता है और अन्य दलों को इसका फायदा मिल जाता है। इसलिए अधिकांश पार्टी बीएसपी से गठबंधन कर चुनाव लड़ना चाहती हैं। हमारी पार्टी अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़कर बेहतर नतीजे लाएगी।



मायावती ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़कर सरकार बनाई है। उसी अनुभव के आधार पर हम आम चुनाव में भी अकेले चुनाव लड़ेगी, हम किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी गठबंधन न करके अकेले चुनाव इसलिए लड़ती है क्योंकि पार्टी का नेतृत्व एक दलित के हाथ में है। गठबंधन करने पर बीएसपी का वोट विपक्षी दलों को मिल जाता है, लेकिन दूसरों का वोट हमें नहीं मिल पाता। 90 के दशक में हुए गठबंधन में सपा और कांग्रेस को फायदा मिला था। मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी किसी को फ्री में समर्थन नहीं देगी, लेकिन चुनाव के बाद गठबंधन के बारे में वह विचार कर सकती हैं।

# सीएम ने किया ऑनलाइन आर.टी.आई. हाईब्रिड सुनवाई की व्यवस्था का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड ऑनलाइन आर.टी.आई. पोर्टल, ऑनलाइन द्वितीय अपील/शिकायत एवं हाईब्रिड सुनवाई की व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। सूचना अनुरोध पत्रों तथा प्रथम अपीलों के ऑनलाईन प्रेषण के लिए बनाये गए पोर्टल का भी मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाईन आर.टी.आई. पोर्टल बनने से लोगों का काफी मदद मिलेगी। लोगों का अपीलों की सुनवाई में आने-जाने में लगने वाला समय भी बचेगा।

सूचना का अधिकार अधिनियम से लोगों द्वारा शासन-प्रशासन से संबंधित अपनी व्यक्तिगत तथा सामुदायिक कठिनाईयों का निराकरण करने में और आसानी हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज प्रारंभ की गई ऑनलाईन सुविधाओं का सबसे अधिक लाभ राज्य के दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के निवासियों को प्राप्त होगा तथा उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन एवं प्रथम अपील ऑनलाईन रूप से किये जाने की सुविधा प्राप्त होने के साथ-साथ द्वितीय अपील में भी अपने स्थान से ही प्रतिभाग करने की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्य सूचना आयुक्त अनिल चन्द्र पुनेठा ने कहा कि द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों के ऑनलाईन पंजीकरण तथा हाईब्रिड मोड से सुनवाई में भाग लेने की दोनों सुविधा आज से ही जनसामान्य हेतु उपलब्ध करा दी जायेंगी। ऑनलाईन आर.टी.आई. पोर्टल में समस्त विभागों के लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों की आई.डी. तैयार की जायेंगी और संबंधित अधिकारियों को पोर्टल पर कार्य किये जाने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया



**ऑनलाइन आर.टी.आई. हाईब्रिड सुनवाई की व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी।**

जायेगा। शीघ्र ही पोर्टल के माध्यम से जनसामान्य द्वारा सूचना आवेदन पत्र, आवेदन शुल्क तथा प्रथम अपील को ऑनलाईन रूप से भी प्रेषित किया जा सकेगा।

सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त अपीलों व शिकायतों के पंजीकरण एवं निस्तारण की प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए मुख्य सूचना आयुक्त ने कहा कि दिसम्बर 2023 में आयोग द्वारा 521 सुनवाई करते हुए कुल 299 वादों को निस्तारित किया गया। जनवरी 2022 से माह दिसम्बर 2023 तक की अवधि में आयोग द्वारा कुल 11037 सुनवाई कर 6735 वादों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, राज्य सूचना आयुक्त विवेक शर्मा, विपिन चन्द्रा, अर्जुन सिंह, योगेश भट्ट, सचिव दीपेन्द्र चौधरी, अपर सचिव प्रताप सिंह शाह, सचिव उत्तराखण्ड सूचना आयोग अरविन्द कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।



# 76वें थल सेना दिवस के अवसर पर राजपाल ने कोलकाता स्थित विजय स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पश्चिम बंगाल भ्रमण के दौरान सोमवार को 76वें थल सेना दिवस के अवसर पर कोलकाता स्थित विजय स्मारक में राष्ट्र की एकता, अखंडता और अस्मिता की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों से भी मुलाकात कर उन्हें सेना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

# 2000 के नोट बदलने का एक और मौका, जानिए कैसे कर सकते हैं आवेदन

देहरादून। आपके पास अब भी दो हजार के नोट हैं तो सरकार की ओर से इन्हें बदलने का आखिरी मौका दिया गया है। दो हजार के नोटों को निर्धारित फॉर्म के साथ रजिस्टर्ड डाक से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को भेजा जा सकता है। आरबीआई की तरफ से नोटों के बदले निर्धारित धनराशि आवेदक के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

सरकार की तरफ से 2 हजार के नोट को बीते साल 2023 में बंद कर दिया गया था। लेकिन परिवार में महिलाओं सहित विभिन्न सदस्यों की तरफ से बचत के तौर पर संभालकर रखे गए दो हजार के ये नोट अब भी मिल रहे हैं। ऐसे में आरबीआई की तरफ से दो हजार के नोट बदलने का एक आखिरी मौका दिया गया है। इसके लिए नोट बदलने वाले व्यक्ति को आरबीआई की वेबसाइट से नोट बदलने संबंधी फॉर्म डाउनलोड करना होगा। फार्म भर कर आवेदक दो हजार के नोटों को पंजीकृत डाक से रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक को भेज सकते हैं। जिसके बाद रिजर्व बैंक की ओर से निर्धारित रकम आवेदक के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। नोट बदलने संबंधी फार्म आरबीआई की वेबसाइट के अलावा डाकघरों से भी निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। हालांकि रिजर्व बैंक ने अब तक



दो हजार के नोट बदलने की अंतिम तिथि का भी निर्धारण नहीं किया है।

लीड बैंक मैनेजर नैनीताल बीएस चौहान ने बताया कि नोट धारक रिजर्व बैंक की तरफ से जारी निर्धारित फार्म भरकर नोटों को आरबीआई के महाप्रबंधक दिल्ली व कानपुर को पोस्ट कर सकते हैं। राशि उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

असुरक्षा से बचने के लिए नोटों के बीमा की भी सुविधाः मुख्य पोस्ट ऑफिस हल्द्वानी के पोस्ट मास्टर गौरव जोशी ने बताया कि दो हजार के प्रति नोट का 160 रुपये की दर से बीमा कराने की सुविधा पोस्ट ऑफिस में उपलब्ध है। बीमा कराने के बाद पंजीकृत डाक के माध्यम से नोट रिजर्व बैंक को भेजे जा सकते हैं। इसके लिए डाकघर में काउंटर खोला गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री कर्मी लापता

रुड़की। संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री कर्मी लापता हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र में कैनाल रोड की स्टील फैक्ट्री में काम करने वाले अजय कुमार पुत्र रतन दास (23)निवासी ग्राम मझौली थाना सालरियां जनपद गया बिहार काफी समय से फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य कर रहा था। उसके परिजन सुदेश दास की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई कि अजय सात जनवरी की सुबह दस बजे फैक्ट्री से किसी कार्य से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। देर तक जब वह नहीं लौटा तो उसके बाद साथ काम करने वाले लोगों को चिंता हुई। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन को जानकारी दी लेकिन काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अजय की गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

### जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्ष भिड़े

रुड़की। जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें चार लोगों को चोटें आई हैं। सोमवार सुबह सिकंदरपुर भेस्वाल गांव में पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच गाली–गलौज के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में अंकित कुमार, जल सिंह, गुड्डी तथा रेनू चोटिल हो गए। मामला बढ़ता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराकर दोनों पक्षों को चौकी बुलाया।

### दो आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने स्मैक तस्करी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 11.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि कोर्ट चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह चौहान ने रविवार देर रात केविन केयर तिराहा के समीप मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोकना चाहा। रोकने के बजाय मोटरसाइकिल सवार युवक फरार होने लगे, जिन्हें पीछा कर पुलिस टीम ने पकड़ लिया। युवकों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 11.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। थाने लाकर की गई पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अनुज कुमार उर्फ काली निवासी मोहल्ला बडतला नागल सोती थाना नांगल सोनी जिला बिजनौर यूपी और ज्ञानदीप निवासी शनिदेव मंदिर के पास रोशनाबाद बताया।

# सीएम धामी ने दिए प्रमुख सचिव वन आर. के. सुधांशु को दिशा निर्देश



देहरादून। देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में गुलदार द्वारा बच्चों पर आक्रमण करने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव वन आर. के. सुधांशु को निर्देश दिये कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बैठक लेते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई भी की जाए। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाये जाएं और रात्रि गश्त की जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन क्षेत्रों में मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं हो रही है, उन क्षेत्रों में वन विभाग को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष में मृत्यु होने पर मृतक के परिवारजनों को आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाने वाली अनुग्रह राशि को 04 लाख रूपये से बढ़ाकर 06 लाख रूपये करने का प्रस्ताव जल्द लाया जाए। उन्होंने कहा कि नये वाइल्ड लाईफ रेस्क्यू सेंटर भी बनाये जाएं। वाइल्ड लाइफ में धारण क्षमता से अधिक जानवर होने की स्थिति में यदि अन्य राज्यों से जानवरों की डिमांड आ रही है, तो इसकी भी डिटेल रिपोर्ट बनाई जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा उपस्थित थे।

### यात्री का कार्ड चोरी कर एटीएम से निकाले 52 हजार

हरिद्वार। यूपी के यात्री का डेबिट कार्ड चोरी कर एटीएम से 52 हजार की रकम निकालने के मामले में जीआरपी ने एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से एटीएम कार्ड और नगदी बरामद की गई है।

एसओ अनुज सिंह ने बताया कि अभिषेक वर्मा निवासी जहेटा उसहरा शिव रतन गंज अमेठी यूपी 13 जनवरी को हरिद्वार रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होने पहुंचे थे। इसी दौरान रेलवे स्टेशन पर मिले दो लोगों ने उससे जान पहचान बढ़ा ली। उसके बाद एटीएम में बैलेंस चेक करने के बाद उसका पासवर्ड देख लेने के बाद उसके डेबिट कार्ड चोरी कर लिए। कार्ड का इस्तेमाल करते हुए रेलवे स्टेशन कैंपस में एटीएम से 52 हजार की नकदी निकाल ली। यात्री के मोबाइल फोन पर नगदी निकलने का मैसेज जब आया, तब उसने तुरंत एटीएम पर पहुंचकर नगदी निकालकर भाग रहे दोनों लोगों को पकड़ना चाहा लेकिन वे उसे धक्का देकर भाग निकले। हो हल्ला होने पर सक्रिय हुए जीआरपी के जवानों की मदद से उन्हें पकड़ा गया।

### आकाश हत्याकांड के फरार आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी

रुड़की। आकाश हत्याकांड के फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज ने पुलिस से वार्ता की है। इंस्पेक्टर ने समाज के लोगों को आश्वासन दिया है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास जारी है। पुलिस जल्द दिनेश निवासी आसफनगर और आर्यन निवासी खानपुर को गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगी। अखिल भारतीय मजदूर परिषद के नगर महासचिव व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश का कहना है कि पीड़ित परिवार के साथ संगठन हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। संगठन की ओर से भी फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर पुलिस–प्रशासन को एक ज्ञापन दिया जाएगा। पिछले सप्ताह वाल्मीकि समाज के पूर्वी अंबर तालाब निवासी आकाश उर्फ शालू (35) अपने एक दोस्त के मामूली झगड़े में बीच बचाव के लिए गया था। शताब्दी द्वार के पास अभिषेक निवासी बिंदु खड़क थाना झबरेड़ा, दिनेश और आर्यन ने आकाश के साथ मारपीट की थी। कुछ दूर जाने पर दोबारा से आकाश पर एक बाल्टी से अभिषेक ने सिर और छाती पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया था। दिनेश और आर्यन मौके से फरार हो गए थे, जबकि पुलिस ने अभिषेक को हत्या में प्रयुक्त बाल्टी के साथ गिरफ्तार कर लिया था।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मकर संक्रांति पर किया खिचड़ी का वितरण

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मकर संक्रान्ति उत्तरायणी पर्व के अवसर पर नैशविला रोड़ स्थित बदरीनाथ मंदिर में आयोजित खिचड़ी वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने स्वयं लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद स्वरूप वितरित किया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार जीवन में सकारात्मक सोच के साथ हमेशा हमें कर्म के पथ पर आगे बढ़ने की भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा भगवान सूर्य की आराधना का यह पर्व हम सबके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिरों में स्वच्छता अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने काली दास मार्ग स्थित बदरीनाथ मंदिर परिसर में साफ–सफाई की और श्रमदान किया। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने टपकेश्वर मंदिर में युवा मोर्चा के पार्टी पदाधिकारियों द्वारा भाजपा भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी के जन्म दिवस के उपलक्ष में




आयोजित भंडारे कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की पत्नी निर्मला जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पूनम नौटियाल, सतेंद्र नाथ, भावना पांडे, दिनेश चमन, बबिता सहोत्रा सिकन्दर, सौरव नेगी, शशांक डंगवाल, गौरव डंगवाल, सूरज नेगी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# गिंदी कौथिक की धूम : कलालघाटी के नाम रही मवाकोट की गिंदी

## मवाकोट व डाडामंडी में आयोजित किया गया गेंद मेला



डाडामंडी में गेंद के लिए जूझते कौथगेर,



डाडामंडी मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मकर संक्रांति पर गेंद मेले की धूम देखने को मिली। डाडामंडी के साथ ही मवाकोट में गेंद मेला धूमधाम के साथ मनाया गया। मवाकोट की गिंदी कलालघाटी के नाम रही। जबकि, डाडामंडी की गिंदी लंगूर पट्टी के नाम रही।

शंकरदत्त गेंद मेला समिति के तत्वावधान में सोमवार सुबह मेला स्थल पर पारंपरिक ध्वज का पूजन कर गिंदी का अभिनंदन किया गया। इसके बाद शाम करीब चार बजे पारंपरिक रूप से मेला समिति के सदस्यों की ओर से गिंदी को मैदान में लाया गया, जहां कोटद्वार व कलालघाटी (भाबर) के गिंदेरे गिंदी का इंतजार कर रहे थे। मैदान में पूजा-अर्चना के बाद समिति ने गिंदी को गिंदेरों के बीच हवा में उछाल दिया। इसके बाद दोनों क्षेत्रों के गिंदेरों में गिंदी को अपने क्षेत्र में ले जाने के लिए कशमकश शुरू हो गई। मेला समिति अध्यक्ष कुलदीप रावत ने बताया कि करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कलालघाटी के गिंदेरे गेंद को अपने पाले में ले जाने में कामयाब रहे।

### डाडामंडी में लंगूर ने जीती गिंदी

मकरैंण (मकर संक्रांति) के मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में गिंदी कौथिग का आयोजन किया गया। डाडामंडी में लंगूर व भटपुडी के बीच गेंद के लिए लंबी जद्दोजहद के बाद लंगूर पट्टी ने गिंदी को अपने नाम किया। कौथिग (मेला) में हजारों की तादाद में उमड़े कौथगेरों ने न सिर्फ 'गिंदी' का आनंद लिया, बल्कि जमकर खरीददारी भी की। 'गिंदी' के लिए परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों लंगूरी व भटपुड़ी पट्टियां आमने–सामने थी। आमजन भी बड़ी तादाद में गिंदी देखने मेला स्थल पर पहुंचा था। परंपरागत तरीके से ढोल-दमाऊ व मशकबीन की सुर लहरियों के बीच गिंदी को मैदान में लाया गया, जहां पूजा-अर्चना के बाद गिंदी गिंदरों के बीच उछाल दी गई।

# 26 जनवरी की परेड के लिए शिक्षक संतोष नेगी को मिला विशेष आमंत्रण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : 26 जनवरी की परेड के लिए शिक्षक संतोष नेगी को विशेष आमंत्रण मिला है। शिक्षक संतोष नेगी के कार्यों की पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर चुक है। शिक्षक संतोष नेगी वर्तमान में राऊमा विद्यालय थपला में कार्यरत हैं।

संतोष सिंह नेगी पूर्व में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में कार्यरत थे। वर्तमान में वह बीरोंखाल के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थपला में कार्यरत हैं। शिक्षक संतोष सिंह नेगी सामाजिक सेवा में लगातार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षिक, आर्थिक मदद से लेकर स्कूल आने हेतु 3 लाख रुपए मूल्य तक की साइकिल बच्चो को दिलाने के अनेक कार्य हेतु वे में ख्याति



शिक्षक संतोष नेगी

प्राप्त है। कई अन्य सामाजिक कार्य उनके द्वारा जनसभागिता द्वारा संपन्न किए गए है। विपरीत पारिवारिक परिस्थिति और शारीरिक विकलांगता के बावजूद अनेक सामाजिक कार्यों में उनका विशेष योगदान रहता है। पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून 2016 के मन को बात कार्यक्रम में उनके कार्य की प्रशंसा की जा चुकी है। 2016 में प्रधानमंत्री से मुलाकात के अलावा मन की बात के 50वें विशेष एपिसोड और 100वें विशेष एपिसोड हेतु देश भर में से बुलाए गए कुछ खास विशेष मेहमानों में से एक संतोष नेगी भी रहे थे। संतोष नेगी ने बताया कि वर्तमान में 26 जनवरी की परेड के विशेष मेहमानों के कार्यक्रम और लिस्ट हेतु अलग अलग मंत्रालय मिलकर कार्य कर रहे है। मंत्रालय द्वारा 24 जनवरी से 28 जनवरी तक का उनको आमंत्रण मिला है जिसमे 26 जनवरी परेड के अलावा अन्य कार्यक्रम भी शामिल है। इसका प्रबंधन सूचना मंत्रालय के अंतर्गत प्रसार भारती द्वारा किया जा रहा है।

### अनूप बने पेंशन बहाली आंदोलन संगठन के अध्यक्ष

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन संगठन की आदर्श राजकीय इंटर कालेज में आयोजित बैठक में अनूप जदली को संगठन का नवीन अध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष सुजीत रावत के पौड़ी जिले से नैनीताल जिले में स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके त्यागपत्र देने से संगठन में अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था। दायित्व को स्वीकार करते हुए नव नियुक्त अध्यक्ष अनूप जदली ने कहा कि वे पुरानी पेंशन के लिए चल रहे आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेंगे। मौके पर उन्होंने सभी विकास खंडों की इकाइयों से 11 फरवरी को सभी जिला मुख्यालयों में पुरानी पेंशन बहाली के लिए होने वाले धरना-प्रदर्शन में भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि पौड़ी जिले का धरना-प्रदर्शन पौड़ी मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने जिले के सभी शिक्षकों से धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में सुबोध ध्यानी, महेंद्र जदली, मनोज घिल्डियाल, अनिल कोटनाला, संतूदास, नितेश शैलवाल, राजेंद्र पाल सिंह, विजयपाल सिंह और सौरभ आर्य सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### ट्रस्ट ने सामाजिक कार्यों में खर्च किए दो लाख से अधिक

**श्रीनगर गढ़वाल** : स्व. चंद्रशेखर डोभाल शास्त्री स्मृति धर्मार्थ ट्रस्ट के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य ट्रस्टी पीबी डोभाल ने ब्योरा रखा। श्रीनगर के निजी होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्य ट्रस्टी पीबी डोभाल और डीपी घिल्ड़ियाल ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करने के उद्देश्य से ट्रस्ट ने तीन साल के दौरान दो लाख 3 हजार 986 रूपये की सामाजिक कार्यों में खर्च किये हैं। जिसमें जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को किताबें, स्कूली फीस व्यय करना, गर्म कपडे, बच्चों के रचनात्मक एवं कलात्मक विकास के लिए प्रोत्साहन राशि सहित मेडिकल सहायता व अन्य सामाजिक कार्यों में मदद की गयी है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट आगे भी जरूरतमंदों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। (एजेंसी)

# कविताओं के माध्यम से बताया मकर संक्रांति का महत्व



मकर संक्रांति पर कविता प्रस्तुत करती छात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति मोटाढ़ाक की ओर से आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने कविताओं के माध्यम से लोगों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल एवं विशिष्ट अतिथि रमाकांत कुकरेती ने संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर जानकारी दी गई।

जानकारी के बाद डा. चंद्रमोहन बड़थ्वाल, समिति संस्थापक आरबी कंडवाल, मनमोहन काला, नंदन सिंह नेगी, जगत सिंह नेगी, रेखा ध्यानी, कुमारी वैशाली, अंजू कुकशाल, दिनेश चौधरी आदि कवियों ने काव्य पाठ किया।

# प्रधानमंत्री ने बोक्सा समुदाय के लाभार्थियों से किया वर्चुअल संवाद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत पौड़ी की बोक्सा जनजाति के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद किया। भारत सरकार द्वारा कोटद्वार के अंतर्गत हल्दूखाता मल्ला व लच्छमपुर गांव को चयनित किया गया था। इसके तहत संवाद को सुनने के लिए कोटद्वार स्थित एवीएन पब्लिक में स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, सांसद पौड़ी तीरथ सिंह रावत, जिलाधिकारी सहित जनजाति समुदाय के लाभार्थी पहुंचे। सांसद तीरथ सिंह रावत ने पीएम मोदी की इस योजना की सराहना की।

संवाद समाप्त होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित बोक्सा समुदाय के जनमानस को आश्वासन दिया कि वे आगामी 19 जनवरी को सरकारी अमले के साथ बोक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं की



कार्यक्रम के दौरान लगाए गए स्टॉल की जानकारी लेती विस अध्यक्ष

सुनवाई कर निस्तारण करेंगी। उनके द्वारा बोक्सा जनजाति समुदाय के छह अटल आयुष्मान के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, आठ उज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरण, पांच लाभार्थियों को निःशुल्क बीज वितरण, 105 लाभार्थियों को सब्जी बीज की मिनी किट, पांच लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरण किया गया। जबकि तीन नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया।

## गढ़वाल विवि यूजी और पीजी में अपनी प्रवेश परीक्षा कराएं

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में सीयूईटी को छोड़ अपनी प्रवेश परीक्षा कराने की मांग को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने शिक्षा मंत्रालय के सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया। बिड़ला परिसर के छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने नई दिल्ली पहुंचकर शिक्षा मंत्रालय के सचिव को सीयूईटी को लेकर वार्ता की।

ज्ञापन में छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने कहा कि गत वर्षों में गढ़वाल विश्वविद्यात्रय में प्रवेश के लिए सीयूईटी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करवाई गईं। जिसमें छात्रों को परीक्षा केंद्र समय पर आवंटित न होने, परीक्षा केंद्र 200 से 500 किलोमीटर दूर आवंटित करने के साथ-साथ कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण कई छात्र उक्त प्रवेश परीक्षा देने से वंचित रह जाते हैं। कहा कि पहाड़ की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए प्रत्येक जिले में कम से कम दो परीक्षा केन्द्रों को स्थापित किया जाना चाहिए था किन्तु दुर्भाग्यवश गढ़वाल में देहरादून के कहीं भी परीक्षा केंद्र स्थापित नहीं किए गए। जिससे छात्र-छात्राओं को दौड़ लगानी पड़ती है। उन्होंने गढ़वाल विवि में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है। (एजेंसी)

## सांगुड़ा में लंगूर पट्टी ने जीती गिंदी

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : जन कल्याण समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सांगुड़ा स्यार में गेंद मेला बड़े भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। पट्टी लंगूर एवम मनियारस्यू के बीच गेंद खेली जाती है। इस वर्ष पट्टी लंगूर की टीम गेंद को अपने पाले में लाकर विजेता बनी। मेले में पट्टी मनियार एवम पट्टी लंगूर के भक्तों ने ध्वज चिन्हों के साथ एकत्रित होकर माँ के दर्शनों के पश्चात मेले का आनंद लिया। यह प्रसिद्ध गेंद मेला वर्ष 1669 से निरंतर होता चला आ रहा है। माँ भुवनेश्वरी देवी के पुजारी आचार्य नागेंद्र मोहन सैलवाल ने बताया कि यह मेला पौराणिक समय से ही मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर आयोजित होता आ रहा है। जिसमे भक्त दूर-दूर से आकर माँ के दर्शन पूजन कर मेले का आनंद लेते है। मकर सक्रांति के शुभावसर पर पूजा सेवा समिति द्वारा हवन पूजन कर सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना की गई। यह मेला वर्ष भर में एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होकर प्रेम स्नेह सद्भावना को बढ़ाने का संदेश देता है। मेले में अपनी संस्कृति संवर्धन हेतु महिलाओं द्वारा पारंपरिक लोक गीत थडिया, चौफला की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं के लिए रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## 75वां सेना दिवस धूमधाम से मनाया

**श्रीनगर गढ़वाल** : पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट गंगनाली ने 75वां सेना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर युद्ध क्षेत्र में जवानों की जांबाजी को याद किया गया। श्रीकोट में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष दर्शन सिंह भण्डारी ने कहा कि वर्ष 1949 में अंतिम ब्रिटिश कमांडर इन चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर के स्थान लेफ्टिनेंट जनरल केएम करिअप्पा को 15 जनवरी 1949 को आजाद भारत की सेना का सर्वोच्च पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। तब से प्रतिवर्ष 15 जनवरी 1949 को सेना दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने भारत की रक्षा करते हुए युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बलदेव सिंह नेगी, उदय सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह पटवाल, चतर सिंह राणा, संजय, सुनील गुसा, हरेंद्र सिंह नेगी, प्रदीप सिंह रावत, सुभाष खंडूरी, सुभद्रा नेगी, सुनीता बिष्ट सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# महाराज ने सिद्धेश्वर मंदिर में साफ सफाई के बाद की पूजा अर्चना

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम से पहले एक हफ्ते तक देश के मंदिरों में सफाई अभियान छेड़ने का आह्वान किया था।

पीएम मोदी के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कर्जन रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में साफ सफाई करने के बाद पूजा अर्चना की।

इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन आलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय होगा। कहा कि चारधाम के चार शीतकालीन मंदिर केदारनाथ मंदिर, ओमकारेश्वर, उखीमठ, बद्रीनाथ, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, गंगोत्री मंदिर मुखवा और यमुनोत्री मंदिर, खरसाली सहित प्रदेश के सभी मंदिरों में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। श्री महाराज ने समस्त प्रदेश वासियों से अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुसार, 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों में दीप जलाकर इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनायें।



कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सफाई करते हुए।

## रस्साकसी में चमोलीसैंण रहा विजेता

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : हंस अस्पताल के सौजन्य से नयारघाटी क्रिकेट टूर्नामेंट एवं मां गौरजा क्रिकेट समिति के संयुक्त तत्वावधान में सीला मैदान पर क्रिकेट मैच सतपुली और खैरा के बीच खेला गया। सतपुली की टीम ने खैरासैंण की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सीला और चमोलीसैंण के बीच आयोजित रस्साकसी प्रतियोगिता में चमोलीसैंण की महिला मंगल दल विजेता रही।

सोमवार को फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता दिगमोहन सिंह नेगी, सदस्य जिला विधिक प्राधिकरण पुष्पेंद्र सिंह राणा, संजय डुकलान ने किया। सतपुली और खैरा के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सतपुली की टीम ने 15 ओवर मे 5 विकेट खोकर 122 रन बनाए। जवाब में खैरासैंण की टीम 15 ओवर में 104 रन ही बना सकी। विजेता टीम के कप्तान रोहन नेगी को आयोजक समिति द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम को 21 हजार एवं ट्रॉफी दी गई। इस मौके पर आयोजन समिति के मुकेश बहुगुणा, हंस अस्पताल के डा. मयंक, वीरेंद्र सिंह, नितिन काला, नवल किशोर काला, आशुतोष काला, मनिराज काला, कृष्ण काला, प्रधान बौंसाल विकास रावत, सर्वेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

## युकां प्रदेश अध्यक्ष करन को काशीपुर का जिम्मा

**पिथौरागढ़।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए यूथ कांग्रेस ने पदाधिकारियों को जिलों व शहरों का प्रभारी नियुक्त किया है सीमांत के युकां प्रदेश उपाध्यक्ष करन सिंह को उधमसिंह नगर के काशीपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में प्रदेश कार्यकारिणी ने पत्र भी जारी किया है। करन ने प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान, सह प्रभारी नवनीत कौर का आभार जताते हुए कहा कि जिस उम्मीद से पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है वह उस पर बखूबी खरे उतरेंगे। कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी और जीत दर्ज कर देश में सरकार बनाएगी। विधायक मयूख महर, युकां राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर, जिलाध्यक्ष अंजू लुंठी, आनंद धामी, पारस महर ने बधाई दी।

# 80 दिव्यांग जनों को बांटे कंबल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : **मकर संक्रांति पर्व के अवसर** पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय व पंचकर्म केंद्र सिमलचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. जयदीप सिंह बिष्ट ने 80 दिव्यांगजनों व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा करना ही ईश्वर की पूजा है और वे अपने सहयोगियों के साथ इस तरह के कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कंबल वितरण के दौरान चीफ फार्मासिस्ट आशा चौधरी, अर्चना नेगी, रोशन सिंह नेगी, सुनील कुमार, सतीश लाल कोहली आदि मौजूद रहे।



दिव्यांगों को कंबल देते प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. जयदीप सिंह बिष्ट

# धूमधाम से मनाया लोकपर्व मकर सक्रांति



**लैंसडौन** : अभ्युदय परिवार द्वारा लोकपर्व मकर सक्रांति धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने खिचड़ी और घुघुते बनाकर मकर सक्रांति मनाई। भावन वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी संस्कृति और परंपरा जीवित रहती है, हमारी भावी पीढ़ी इस तरह के आयोजन से सिखाती है और हमारी परंपरा को आगे बढ़ती है। महिलाओं ने मकर सक्रांति के आयोजन में बढ़कर हिस्सा लिया और लोकगीत और लोक नृत्य प्रस्तुत किये। इस मौके पर विपना जोशी, चन्द्रकान्ता, ज्योति वर्मा, लता बिष्ट, गुड्डी बिष्ट, दीपिका मिश्रा, निर्मला रावत, वीना खंडेलवाल, कांता खंडेलवाल, शशि शर्मा, पुष्पा वर्मा, साक्षी मेहरा, राजेश्वरी नेगी, गीता शाह, नीलू शाह, नीरू, रेखा वर्मा पूनम बौठियाल, गीता बिष्ट, पंखुड़ी वर्मा, अनीता लोहनी, गीता बिष्ट आदि मौजूद थे।

## एक सप्ताह में सुव्यवस्थित होंगे रेडीमेड फड़ वाले

**काशीपुर(सं)।** रेगुलर टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में नगर के रेडीमेड फड़ वालों को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थित करने पर सहमति बन गई है। साथ ही वेंडिंग जोन और नो वेंडिंग जोन बनाने के लिए भी जगह चिह्नित करने की बात उठी है। सोमवार को एसडीएम गौरव चटवाल द्वारा आहूत बैठक में लोगों को सुरक्षित रोजगार मुहैया कराने पर चर्चा हुई। ईओ शाहिद अली ने सात स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही नो वेंडिंग जोन के बारे में भी जानकारी दी। तय किया गया कि नगर पालिका के जेई राजू, सिटी मिशन मैनेजर जफर वेंडिंग जोन के स्थानों को चिह्नित कर खाका तैयार करेंगे। रेडीमेड मार्केट के मामले पर एसडीएम ने फड़ियों को एक सप्ताह के भीतर सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना लाइसेंस के किसी भी वेंडर को नहीं बैठाने को कहा। जिन लोगों के लाइसेंस कालतीत हो गए हैं। उन्हें नवीनीकरण करने को कहा। बैठक में तहसीलदार शुभांगनी, इओ शाहिद अली, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हितेश शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार, व्यापार मंडल महामंत्री महफूज अली, मेहरालम, शमशीद अहमद, मुस्तकीम, नाजिम हुसैन, आसिफ, अनिल कुमार मौजूद रहे।

# स्वरोजगार हेतु 6 करोड़ 86 लाख के ऋण आवंटन की मिली स्वीकृति

## 53 आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से किया चयन

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : पर्यटन विभाग की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में आवेदकों के साक्षात्कार हेतु सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक हुई। जिसमें समिति द्वारा वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास और ट्रैकिंग ट्रक्शन योजनाओं के अन्तर्गत 53 आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन करते हुए स्वरोजगार हेतु 06 करोड़, 86 लाख, 34 हजार ऋण आवंटन की स्वीकृति प्रदान की गई।



वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के तहत चयन समिति ने वाहन मद में 06 तथा गैर वाहन मद में 05, होमस्टे में 18 और ट्रैकिंग ट्रक्शन सेंटर-होम स्टे अनुदान के तहत 24 लाभार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया। चयनित लाभार्थियों को बैंक में जरूरी दस्तावेज जमा करते हुए जल्द से जल्द स्वरोजगार करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एसएस राणा ने बताया कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के तहत गैर वाहन मद में होटल/मोटल, फास्ट फूड सेंटर, वर्कशॉप आदि हेतु 33 प्रतिशत अनुदान पर 40 लाख की सीमा तक तथा वाहन मद में व्यावसायिक वाहन खरीद के लिए 25 प्रतिशत अनुदान पर ऋण स्वीकृत किया जाता है। शासन द्वारा ट्रैकिंग ट्रक्शन सेंटर-होम स्टे नाम से अनुदान योजना संचालित है। इस योजना के तहत जनपद के जोशीमठ ब्लॉक में तपोवन-भविष्य बद्री ट्रैकिंग टंक्शन में तपोवन, सुभाई, रिंगी व सलधार गांव चयनित है। जबकि देवाल में लोहाजंग टैंकिंग ट्रक्शन के तहत लोहाजंग, मुन्दोली, वांक, कुलिंग, वाण, दिदीनी, वलाण, हिमनी तथा घेस चयनित है। बताया कि इस योजना के तहत चयनित गांवों में होमस्टे के नव निर्माण हेतु 60 हजार प्रतिकक्ष की दर से अधिकतम 6 कक्षों के लिए अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। होमस्टे की मरम्मत के लिए 25 हजार प्रतिकक्ष की दर से अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक डीएम कुंवर, अग्रणी बैंक शाखा प्रबंधक सुमित कुमार वर्मा, परिवहन कर अधिकारी दीपक कुमार, ग्रामीण निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता राकेश चंद्र आदि मौजूद थे।

## सीएम ने उत्तराखण्ड सचिवालय संघ की मांगों पर दी सहमति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : उत्तराखण्ड सचिवालय संघ के प्रतिनिधियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर कार्मिकों की मांगों के संबंध में उन्हें अवगत कराया। जिस पर मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों सम्बन्धी पत्रावलियों पर अपनी सहमति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा जिन पत्रावलियों पर स्वीकृति प्रदान की गयी है, उनमें उत्तराखण्ड सचिवालय में कार्यरत राज्य सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को सचिवालय विशेष भत्ते को ग्रेड वेतन का 50 प्रतिशत को पुनरीक्षित करते हुए ग्रेड वेतन का 85 प्रतिशत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अलावा, राज्य सरकार के कार्मिक 300 दिन का उपार्जित अवकाश अर्जित करने के पश्चात भी अनुवर्ती वर्ष में 01 जनवरी एवं 01 जुलाई को अर्जित क्रमशः 16 दिन और 15 दिन के उपार्जित अवकाश (कुल 31 दिन) का संबंधित वर्ष में 31 दिसम्बर तक उपभोग कर सकते हैं को भी मुख्यमंत्री ने सहमति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की महिला सरकारी सेवकों को/एकल अभिभावक (महिला/पुरुष) सरकारी सेवकों को बाल्य देखभाल अवकाश की अवधि के दौरान अवकाश पर प्रस्थान करने से पूर्व प्राप्त हो रहे /आहरित वेतन के समतुल्य अवकाश वेतन देय होने की भी सहमति प्रदान की है।

# देवप्रयाग में देव डोलियों व श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान



नई टिहरी : मकर सक्रांति पर्व पर अलकनंदा-भागीरथी संगम पर गंगा में पुण्य स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने प्राचीन रघुनाथ मन्दिर में भगवान का दर्शन, पूजन व आशीर्वाद लेकर सुख समृद्धि की कामना की। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही देवप्रयाग तीर्थ में आधी रात से ही निशानों के साथ देव डोलियों का गुप्त स्नान शुरू हो गया। वहीं ढोल नंगाड़ों के साथ श्रद्धालुओं पर देवी-देवता भी अवतरित हुए। भारी ठंड व कोहरे में देशभर से तड़के गंगा स्नान को श्रद्धालु यहां पहुंचे थे। मुख्य स्नान संगम के अलावा भगवान राम की तपस्थली रामकुंड में हुआ। भगवान राम को कुल देवता मानने वाले पौड़ी जिले के सलाण क्षेत्र सहित एकेश्वर, पाबौ, यमकेश्वर, श्रीनगर, पौड़ी आदि से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पुजारी समीर पंचपुरी ने इस मौके पर भगवान रघुनाथ का विशेष श्रृंगार किया। ज्योतिषाचार्य भास्कर जोशी ने बताया कि, ज्योतिषीय गणना अनुसार आगामी 73 वर्ष तक मकर सक्रांति पर्व 15 जनवरी को ही होगा। गंगा स्नान के साथ ही खिचड़ी, तिल, गुड़, ऊनी वस्त्र दान, जप, ध्यान का विशेष महत्व है। धनु राशि का खरमास समाप्त होन पर शुभ कार्यों विवाह आदि की भी मकर सक्रांति से शुरुआत हो गयी। (एजेंसी)

# गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होगें उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राष्ट्रीय पर्व ''गणतंत्र दिवस'' की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन को लेकर सभी के सुझाव लिए गए। जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मानित किया जाएगा।



जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी शासकीय प्रतिष्ठानों को कम वोल्टेज वाले एलईडी बल्ब से प्रकाशमान करने और विभागीय स्तर पर सफाई अभियान आयोजित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर प्रातः 7.30 बजे गोपीनाथ मंदिर प्रांगण से मुख्य बाजार होते हुए स्कूली बच्चों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सभी कार्यालयों में 9:30 बजे ध्वजारोहण और शहीद स्मारकों पर 10 बजे माल्यार्पण किया जाएगा। जबकि पुलिस मैदान में मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 11:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद पुलिस परेड व विभागीय झांकियों के प्रदर्शन तथा स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन प्रभाग सर्वेश दूबे, परियोजना अधिकारी आनंद सिंह, एसीएमओ डा. एमएस खाती, कृषि अधिकारी विजय प्रकाश, उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा, थानाध्यक्ष राजेंद्र रौतेला सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम ने 16 शिकायतों का किया निस्तारण



नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने जनता मिलन कार्यक्रम में 16 शिकायतों मौके पर निस्तारण किया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय समय सीमा के भीतर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का उचित निस्तारण सुनिश्चित करें।

सोमवार को कलक्ट्रेट में आयोजित ब्लाक जौनपुर के ग्राम पंचायत बिकोल निवासी गुलाब सिंह ने दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त राप्राबि मिस्त्रीयाणा की बाउण्ड्रीवॉल व स्कूल में अन्य मरम्मत कार्य के साथ ही ग्राम उनियालगांव से ग्राम बिकोलगांव तक 5 किमी. मोटर मार्ग निर्माण कराये जाने की मांग की। जिस पर डीएम ने सीआरए को दैवीय आपदा से विद्यालय भवन निर्माण कार्य करवाने तथा ईई लोनिवि चम्बा को इसमें आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

नई टिहरी मॉडल हाउस निवासी विनय कुमार जैन ने मॉडल हाउस नम्बर ए-27 के आवंटन की द्वितीय प्रति जारी करने की मांग पर डीएम ने ईई पुनर्वास को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत के वार्ड संख्या 3 कंगसाली की जिला पंचायत सदस्य नीलम बिष्ट ने राइका ओखलाखाल के भवन निरीक्षण उपरान्त स्कूल की कक्षाओं में सीलन से विद्यालय भवन के जीर्ण-शीर्ण की होने की शिकायत करते हुए ध्वस्तीकरण कर नये भवन निर्माण की मांग की। जिस पर डीएम ने सीडीओ व डीएसटीओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनता मिलन कार्यक्रम में सीडीओ मनीष कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, एडीएम केके मिश्रा, डीडीओ सुनील कुमार, सीएमओ डा. मनु जैन, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 19 को रक्षा मंत्री सीमान्त ढाक का करेगें विकास योजनाओं का लोकापर्ण




**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह आगामी 19 जनवरी को जनपद चमोली के सीमांत क्षेत्र जोशीमठ-ढाक पहुंच कर सीमा सड़क संगठन के जवानों से मिलेंगे और विभिन्न विकास योजनाओं का लोकापर्ण करेंगे।

रक्षा मंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जोशीमठ आर्मी हेलीपैड सहित गौचर हवाई पट्टी पर लैंडिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल ढाक में चिकित्सा सुविधा, विद्युत, पेयजल आपूर्ति के साथ ही यातायात और सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम सुनिश्चित किए जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, सीडीओ अभिनव शाह, एडीएम डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम आरके पांडेय, एसीएमओ डॉ. एमएस खाती, बीआरके वरिष्ठ पदाधिकारी एवं व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## प्राण प्रतिष्ठा से नाराजगी

लंबी राजनीतिक लड़ाई के बाद भव्य मंदिर के निर्माण के रूप में स्वरूप ले रहे राम मंदिर को लेकर राजनीति भी बेहद दिलचस्प दूर पर पहुंच गई है जिसमें कुछ लोगों द्वारा भगवान श्री राम के अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न होना चर्चाओं में है। जहां पूरे विश्व की निगाह भारत के इस आयोजन पर है तो वही प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर नाराजगी का दौर भी दिख रहा है। हैरानी तो इस बात को लेकर है कि जिस हिंदू सनातनी धर्म के नेतृत्व की पताका लेकर चलने वाले शंकराचार्य को इस कार्यक्रम का अहम हिस्सा बनना चाहिए था वह अपने निमंत्रण को लेकर मुंह फुलाए बैठे हैं। चर्चा है कि चारों शंकराचार्य ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित न होने का फैसला किया है और उनका कहना है कि जिस प्रकार से उन्हें निमंत्रण भेजा गया है वह सम्मानजनक नहीं है। शंकराचार्य का कहना है कि उनके साथ मात्र एक आदमी को निमंत्रण दिया गया है तो वही इस बात पर भी अब तंज कैसे जाने लगे हैं कि यह कार्यक्रम राम मंदिर का नहीं बल्कि वोटो और राजनीतिकरण का है। शंकराचार्य की तरह ही कई दिग्गज साधु–संत में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो रहे हैं तो वहीं इंडिया' गठबंधन के कई नेताओं ने घोषणा कि है कि वो कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनेंगे। दलील रखी गई है कि यह कार्यक्रम भाजपा और संघ का है। यहां आधे–अधूरे मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार करना या फिर कार्यक्रम में शामिल न होना तर्कसंगत है? यह तो एक सत्य है कि राजनीतिकरण से ही राम मंदिर निर्माण का रास्ता खुला है अन्यथा क्या हिंदू धर्म का नेतृत्व करने वाले शंकराचार्य ने कभी राम मंदिर निर्माण की लड़ाई अदालत तक जाकर लड़ी? धर्म की वकालत करने वाले अब चाहे अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हो लेकिन सच यही है कि राम मंदिर निर्माण में अदालत की लड़ाई लड़ने में शंकराचार्य की भूमिका कभी नजर ही नहीं आई। राम मंदिर निर्माण की जो पताका लालकृष्ण आडवाणी ने रथ यात्रा के रूप में निकली थी क्या यह कार्य शंकराचार्य या फिर साधु संतों के नेतृत्व में नहीं होना चाहिए था? यदि भारतीय जनता पार्टी आज अपने शासनकाल में इस भव्य मंदिर का निर्माण कर रही है तो वह इसका पूर्ण राजनीतिक लाभ लेने की हकदार है क्योंकि इस मंदिर निर्माण की एक लंबी लड़ाई भाजपा संगठन के नेतृत्व में ही इस अंजाम तक पहुंची है। भाजपा विरोधी नेता राजनीतिकरण की बात कर रहे हैं तो साधु संत और शंकराचार्य मानते हैं कि आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्य धर्म सम्मत नहीं है। सभी शंकराचार्य को यहां उदारता का परिचय देते हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए, क्योंकि यह कार्यक्रम हिंदुओं की आस्था से जुड़ा हुआ है जो 500 वर्ष बाद साकार रूप लेता हुआ दिख रहा है।

# बदलता भारत, झुकता विश्व

बलबीर पुंज,

भारत 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ–नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक–एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।



हालिया मालदीव प्रकरण का निहितार्थ क्या है? यह ठीक है कि मालदीव पांच लाख की आबादी वाला सूक्ष्म इस्लामी देश है, जिसकी आर्थिकी मुख्यतः पर्यटन पर निर्भर है। वह भारत रूपी बड़ी आर्थिक शक्ति के समक्ष किसी भी मामले में नहीं टिकता। परंतु जिस प्रकार मालदीव सरकार के मंत्रियों द्वारा प्रकट भारत–मोदी विरोधी वक्तव्यों के खिलाफ देश का बड़ा वर्ग एकजुट होकर खड़ा हुआ– वह वैश्विक विमर्श में भारत की बढ़ती शक्ति, राष्ट्र के रूप में भारत की एकता, अखंडता और उसकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति सजगता को रेखांकित करता है। आखिर इस आमूलचूल परिवर्तन का कारण क्या है? कहा जा सकता है कि भारत 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ–नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक–एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। मालदीव के भारत–विरोधी चिंतन के खिलाफ देश के बहुत बड़े वर्ग का प्रतिकार– इसी उपक्रम का परिणाम है।

सुधी पाठकों को विदित होगा कि मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की गोद में बैठकर भारत–विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। परंतु यह इस प्रकार और इतनी तीव्रता के साथ धराशायी हो जाएगा, इसका अनुमान स्वयं राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी सरकार को भी नहीं रहा होगा। आखिर यह पूरा प्रकरण क्या है? चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लक्षद्वीप दौरे के अनुभव को तस्वीरों–वीडियों के माध्यम से 'एक्स' पर साझा किया था। इसमें जब प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव का नाम लिए बिना लक्षद्वीप को पर्यटन का अच्छा विकल्प बताया, तब पहले भारत–विरोधी नीतियों में लिप्त मालदीव की मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों– मरियम शिउना, मालशा शरीफ और हसन जहान ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत के लिए विषवमन प्रारंभ कर दिया। देखते ही देखते इसके विरुद्ध सोशल मीडिया पर असंख्य भारतीयों का गुस्सा भड़का, देश के कई लोकप्रिय हस्तियों ने मालदीव को आईना दिखाना, सैकड़ों भारतीयों और पर्यटन कंपनियों द्वारा मालदीव प्रवास का पूर्वनिर्धारित पंजीकरण व हवाई टिकटें रद्द करना शुरू किया, वैसे ही मालदीव का भारत–विरोधी सत्ता–अधिष्ठान घुटनों पर आ गया और अपने उन्हीं मंत्रियों को निलंबित कर दिया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मालदीव आने वाले पर्यटकों में एक तिहाई हिस्सेदारी भारतीयों की है। अब चूंकि मालदीव के भारत–विरोधी उपक्रम के खिलाफ असंख्य भारतीयों ने मालदीव के बहिष्कार का निर्णय किया है, इसलिए अपनी आर्थिकी को बचाने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी समकक्ष के आगे अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को मालदीव भेजने की भीख मांगी है।

यह कोई पहला मामला नहीं है। चाहे संकटग्रस्त क्षेत्रों में सैन्य अभियान चलाकर अपने लोगों की सुरक्षित देश–वापसी हो, रूस–यूक्रेन युद्ध रुकवाने हेतु विश्व के बड़े देशों का प्रधानमंत्री मोदी से मध्यस्था का आह्वान हो या फिर जी20 सम्मेलन में देश की कूटनीतिक सफलता– यह सब दुनिया में भारत की भू–राजनीति में मौलिक परिवर्तन को प्रमाणित करता है। भ्रष्टाचार–मुक्त जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन और आर्थिक–सामाजिक सरोकारों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 2014 से पहले दिल्ली, राजस्थान, मुंबई, पुणे, वडोदरा आदि नगरों में जिहादियों द्वारा बम धमाके आम थे। परंतु कश्मीर–पंजाब रूपी अपवादों को छोड़कर बीते 10 वर्षों एक भी घातक आतंकवादी हमला नहीं हुआ है। आज देश में सुरक्षा की स्थिति यह है कि यदि सीमापार से किसी ने दुस्साहस का प्रयास किया, तो उसे उचित जवाब मिलता है। 2016–2019 में भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और गलवान–तवांग प्रकरण में चीन की हेकड़ी को तोड़ना– इसका प्रमाण है।

देश के पूर्व राजनयिक और पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया ने अपनी पुस्तक 'एंगर मैनेजमेंटः द ट्रबल डिप्लोमेटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान' में खुलासा किया है कि फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में फंसे भारतीय लड़ाकू पायलट विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान की सुरक्षित वतन–वापसी के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर नौ घातक मिसाइलें तान दी थी। यह घटना 27 फरवरी 2019 की थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने 'कत्ल की रात' कहकर संबोधित किया था। इससे पहले भारतीय नेतृत्व की क्या स्थिति थी, वह पाकिस्तान से आए आतंकवादियों द्वारा वर्ष 2008 के भीषण 26/11 मुंबई हमले से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें प्रतिकार को तैयार भारतीय सेना का मनोबल तत्कालीन मनमोहन सरकार ने तोड़ दिया था।

मई 2014 से पहले कुछ अपवादों (पोखरण–2 परिक्षण सहित) को छोड़कर भारतीय नेतृत्व के दृष्टिकोण में आत्मसम्मान का अभाव था। तब हमारा रवैया कैसा था, यह स्वतंत्रता के बाद देश पर लगभग 50 वर्षों तक प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से शासन करने वाली कांग्रेस के वर्तमान शीर्ष नेता राहुल गांधी के विचारों से स्पष्ट है। 2 अप्रैल 2021 को पूर्व अमेरिकी राजनयिक निकोलस बर्न्स से ऑनलाइन चर्चा करते हुए राहुल इस बात से असंतुष्ट हो गए थे कि भारत के आंतरिक मामलों पर अमेरिका अब कुछ नहीं बोलता। ऐसा ही विचार 1972 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी (सेवानिवृत्त), पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और चीन आदि देशों में भारतीय राजदूत रहे शिवशंकर मेनन ने भी एक विदेशी पत्रिका को लिखे कॉलम में प्रस्तुत किया था। तब राहुल और मेनन के विचारों का मर्म यह था कि अमेरिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'सही रास्ते' पर लाने और अमेरिकी नीति के अनुसार काम करवाने का प्रयास नहीं कर रही है।

# आप और कांग्रेस का हो जाएगा तालमेल

कांग्रेस पार्टी के नेताओं का एक वर्ग ऐसा है, जो मान रहे हैं कि पार्टी को किसी हाल में आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल नहीं करना चाहिए। उनका तर्क है कि कांग्रेस ने 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी को समर्थन देकर उसकी सरकार बनवाई थी इसका नतीजा यह हुआ है कि 2015 के चुनाव में कांग्रेस का पूरा वोट आप को ट्रांसफर हो गया और कांग्रेस साफ हो गई। पिछले दो लोकसभा और दो विधानसभा चुनावों में दिल्ली में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। इस आधार पर कुछ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस का विकल्प बनने की कोशिश कर रही आप से तालमेल आत्मघाती हो सकता है।

लेकिन दूसरी ओर ज्यादातर नेता तालमेल के पक्ष में हैं। वे पंजाब, गोवा और गुजरात की मिसाल दे रहे हैं, जहां कांग्रेस ने आप को समर्थन नहीं दिया था फिर भी वह काफी सफल रही। पंजाब में तो उसने 117 में से 92 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बनाया है। गोवा में भी वह दो सीट जीत गई और गुजरात में उसे भले पांच ही सीटें मिलीं लेकिन उसने कांग्रेस के 13 फीसदी वोट काट लिए। इस आधार पर तालमेल का समर्थन करने वाले नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को सबसे पहले यह चिंता करनी चाहिए कि वह कैसे मजबूत होगी। अगर तालमेल करने से लोकसभा में कांग्रेस की सीटें बढ़ती हैं तो उस पर ध्यान देना चाहिए।

सो, माना जा रहा है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच तालमेल हो जाएगा। दोनों के बीच दो दौर की बातचीत हुई है और दिल्ली व पंजाब दोनों को लेकर सकारात्मक नतीजे की संभावना जताई जा रही है। दूसरे दौर की बातचीत में राघव चड्ढा भी शामिल हुए, जिसका मतलब है कि पंजाब को लेकर बात आगे बढ़ी है। कांग्रेस दोनों राज्यों में बराबर सीटों पर लड़ने को तैयार है। दोनों राज्यों की 20 सीटें हैं और दोनों पार्टियां 10–10 सीटें लड़ सकती हैं। आम आदमी पार्टी गोवा में भी सीट मांग रही है। लेकिन वहां शायद कांग्रेस दोनों सीटों पर लड़ेगी। लेकिन वह गुजरात और हरियाणा में आम आदमी पार्टी को कुछ सीटें दे सकती है। अगली बातचीत में सीटों की संख्या पर सहमति बन सकती है।

# कांग्रेस समझौता मूड में, लचीली!

अगले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने हितों से समझौता करने को तैयार है। सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत में कांग्रेस ने बहुत लचीला रुख दिखाया है। कांग्रेस ने सभी सहयोगी पार्टियों को मैसेज दिया है कि वह सीटों की संख्या पर नहीं अड़ेगी। असल में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रबंधन और रणनीति बनाने का काम देख रहे सुनील कनुगोलू की टीम कांग्रेस के लिए सर्वेक्षण कर रही है और ऐसी सीटों की पहचान कर रही है, जहां वह ज्यादा आसानी से लड़ और जीत सकती है। ध्यान रहे कांग्रेस चार सौ से ज्यादा सीटों पर लड़ती रही है और पिछली बार भी 421 सीटों पर लड़ी थी। उससे पहले 2014 के चुनाव में तो 464 सीटों पर लड़ी थी लेकिन सिर्फ 44 सीट जीत पाई थी। दूसरे चुनाव में वह 421 सीटों पर लड़ी, जिसमें से 52 पर जीती और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही।

इस आंकड़े को ध्यान में रख कर सुनील कनुगोलू की टीम ने ऐसी सीटों पर फोकस



करने की सलाह दी है, जिन पर कांग्रेस जीत सकती है। कांग्रेस के उम्मीदवार जिन सीटों पर तीसरे या चौथे स्थान पर रहे थे उनको छोड़ दिया है। तभी पिछले दिनों कांग्रेस नेताओं की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 255 सीटों पर फोकस करने की बात कही। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि कांग्रेस सिर्फ 255 सीटों पर लड़ेगी। वह इसके अलावा एक सौ और सीटों पर लड़ सकती है। लेकिन उसका जोर इन 255 सीटों पर होगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने 375 सीटों की मांग की है। इसमें से 291 सीटें तो ऐसी हैं, जो कांग्रेस और भाजपा के सीधे मुकाबले वाली हैं और 85 सीटें उन राज्यों में हैं, जहां प्रादेशिक क्षत्रप मजबूत हैं और कांग्रेस उनकी सहयोगी पार्टी है।

हालांकि कांग्रेस ने भले 375 सीटों पर लड़ने की बात कही है लेकिन खड़गे की बात से स्पष्ट है कि पार्टी 255 से 290 के बीच सीटें अपने लिए अनुकूल मान रही है और उन्हीं पर लड़ने की तैयारी कर रही है। तभी ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस का तालमेल ऐसी पार्टियों से भी हो जाएगा, जिनके साथ सीटों की एडजस्टमेंट में मुश्किल आ रही है। कांग्रेस पुरानी सहयोगी पार्टियों के साथ साथ नई सहयोगियों को जोड़ने के लिए भी अपनी कुछ सीटें छोड़ने को तैयार है।

कांग्रेस हर हाल में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में तालमेल करना चाहती है। इन चारों राज्यों की प्रादेशिक पार्टियों के साथ कांग्रेस का पुराना तालमेल रहा है और कांग्रेस पहले भी उनके साथ चुनाव लड़ चुकी है।

# ‘कश्मीर में आतंकवाद मिटाने के लिए सेना के साथ मिलकर ऑपरेशन ऑल आउट चलाएगी सरकार’

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि केन्द्र शासित प्रदेश की सरकार पाकिस्तान की शह में आतंकवाद को फिर से खड़ा करने की कोशिशों के विरुद्ध सेना के साथ मिल कर ऑपरेशन ऑल आउट शुरू करने जा रही है और छह माह में इसका परिणाम सामने आ जाएगा। मनोज सिन्हा ने यहां पांचजन्य के 77वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर एवं ऑर्गनाइज़र के संपादक प्रफुल्ल केतकर से साक्षात्कार में श्री सिन्हा ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 एवं 35 ए हटने के बाद वहां की वादियों की गोलियों की आवाज़ की जगह तरक्की का कोलाहल सुनायी दे रहा है। नौजवानों के हाथों में पत्थर की जगह लैपटॉप आ गया है। राज्य में वर्ष 2022 में



एक करोड़ 83 लाख सैलानी आये वहीं 2023 में सैलानियों की संख्या दो करोड़ 11 लाख से अधिक रही। जी–20 की बैठकों के बाद पर्यटकों की संख्या साढ़े तीन गुना हो गयी है। राज्य में शैक्षणिक सत्र समय से चलने लगा है।

उपराज्यपाल ने कहा कि डिजिटल शासन में मध्य प्रदेश को पीछे छोड़ कर जम्मू–कश्मीर नंबर एक हो गया है। दरबार मूव की परंपरा बंद हो चुकी है। त्रिस्तरीय लोकतांत्रिक प्रणाली काम कर रही है। प्रोजेक्ट तेजी से पूरे हो रहे हैं। राज्य में 30 हजार 500 सरकारी नौकरियां दी गयीं हैं। सात लाख उद्यमी बने हैं। राज्य में 90 हजार करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव आये हैं और 20 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव जमीन पर उतर चुके हैं। कृषि क्षेत्र में जम्मू कश्मीर नौवें से पांचवें स्थान पर आ चुका है। इसी वर्ष कश्मीर घाटी बाकी देश से रेलवे लिंक से जुड़ जाएगी।

हाल ही में घटित आतंकवादी घटनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि राज्य में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। पड़ोस से कोशिश हो रही है। हमने केवल आतंकवादी ही नहीं बल्कि आतंकवाद का पूरा ईकोसिस्टम खत्म कर दिया है। जम्मू कश्मीर में सौदेबाजी की शांति नहीं बल्कि स्थायी शांति स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों की आकांक्षा के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने ईंट पत्थर लगाये हैं और वह रामायण की गिलहरी की भांति बालू छिड़कने का काम कर रहे हैं। विश्वास का रामसेतु बन जाएगा।

मनोज सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद का ढांचा चरमरा चुका है और उसे जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया जा रहा है। जहां तक हाल की घटनाओं का सवाल है तो बाहर से आने वाले सैलानियों को किसी ने नुकसान नहीं पहुंचाया है। केवल अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को निशाना बनाया है ताकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में उनका नैरेटिव चलता रहे। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता के कारण वहां स्थिति नियंत्रण में है।

## भारत से पंगा लेकर फंस गए मोहम्मद मुइज्जू, अपने ही देश में हुई फजीहत, चुनाव में मिली कड़ी हार

**माले, एजेंसी।** चीन से लौटकर अपने देश पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बड़ा झटका मिला है। राजधानी माले के मेयर चुनाव में मोहम्मद मुइज्जू को हार का सामना करना पड़ा है। बड़ी बात यह है कि उन्हें मालदीव में भारत की समर्थक मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने ही मात दी है। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के एडम अजीम ने मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के ऐशाथ अजीमा शुकर को भारी मतों से मात दी है। यानी की एडम अजीम को माले का नया मेयर चुना गया है। एडम अजीम को 5303 वोट मिले, जबकि अजीमा शुकर को 3301 मतों से संतोष करना पड़ा।



पीएम नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी के बाद चल रहे राजनयिक विवाद के बीच मुइज्जू सरकार ने भारतीय सेना को लेकर पुराना राग फिर छेड़ा है।

मुइज्जू ने भारत को सेना को वापस भेजने का नया प्रस्ताव भेजा है। नए प्रस्ताव में मालदीव ने भारत को 15 मार्च तक का समय दिया है। चीन में अपने आका शी जिनपिंग से मुलाकात कर अपने देश लौटे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के खिलाफ नई साजिश रच ली। राजनयिक विवाद के बीच मुइज्जू सरकार ने नया रार छेड़ते हुए भारत सरकार से कहा है कि वह अपनी सेना 15 मार्च से पहले बुला ले। बता दें कि मालदीव राष्ट्रपति चुनाव के दौरान से मुइज्जू और उनकी पार्टी पीएनसी ने भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया था। मुइज्जू लगातार अपने कैंपेन में भारतीय सेना का दुष्प्रचार करने और भारत पर हमला बोल रहे थे। चुनाव के वक्त ही मुइज्जू ने कसम खाई थी कि वह मालदीव में सरकार बनाते ही सबसे पहले विदेशी सेना को अपने देश से बाहर करेंगे।

## घने कोहरे के चलते दो बसों में आमने–सामने की टक्कर, 40 यात्री घायल, एक की हालत गंभीर

**मथुरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के राया कट के पास सोमवार तड़के घने कोहरे के बीच दो बसों की टक्कर से करीब 40 यात्री घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि भोर करीब तीन बजे राया कट के पास यह हादसा उस समय हुआ, जब नोएडा से धौलपुर जा रही बस इटावा से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। इस हादसे में 40 यात्रियों के घायल होने की सूचना है जिनमें से 31 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आठ का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जिला अस्पताल में भर्ती एक यात्री राहुल (25) की हालत गंभीर बताई जा रही है।सूत्रों ने बताया कि राजेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया है, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भिड़ंत के बाद एक्सप्रेस वे पर जाम लग गया।

## बिजनौर में 65 वर्षीय महिला की हत्या के आरोप में बेटा व बहू गिरफ्तार

**बिजनौर ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना देहात थाना क्षेत्र में रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना प्रकाश में आई है] जहां 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के आरोप में उसके बेटे और बहू समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दानिश और उसकी पत्नी उजमा और नदीम के रूप में हुई। पुलिस यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, 11 जनवरी को एक महिला की हत्या के संबंध में नगीना देहात थाना पुलिस को सूचना मिली थी। अजूपुरा गांव में 65 वर्षीय महिला का एक मकान के अंदर से शव मिला था, जिसकी गर्दन पर किसी धारदार हथियार से कटी हुई थी।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। मृतका की पहचान फिरोजा खातून जो कि अजूपुरा गांव के रहने वाली के रूप में हुई थी।

अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) राम अर्ज ने बताया कि, जांच के दौरान पाया गया कि मृतका फिरोजा खातून और आरोपी बेटे दानिश के बीच सम्पत्ति को को लेकर विवाद चल रहा था। इसके चलते उसने पत्नी और साले के साथ मिलकर ने घटना को अंजाम दिया था।

एएसपी ने कहा कि आरोपी दानिश और उसकी पत्नी उजमा और साला नदीम ने अपराध को कबूल किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी दानिश ने बताया कि, कि उसकी मां फिरोजा खातून के नाम 13 बीघा जमीन थी। मृतका अपनी बेटी अंजूम व बबली के नाम करना चाहती थी। इसे लेकर आए दिन उसका अपनी मां झगड़ा होता था।

## नयी सोच और विकास के लिए पीपीपी को विजयी बनाएं : बिलावल

**इस्लामाबाद ,(एजेंसी)।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने आगामी आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में लोगों से उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न ‘तीर’ पर ‘मोहर’ लगाने की अपील की है ताकि देश ‘नयी सोच’ के साथ आगे बढ़ सके। बिलावल ने यह अपील पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अपने प्रतिष्ठित ‘बल्ले’ चुनाव चिह्न के लिए अदालती लड़ाई हारने के एक दिन बाद की। हार के बाद पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में चुनाव लडऩे के लिए मजबूर हो गये हैं।

# लाल सागर में बढ़ा तनाव, हाउती विद्रोहियों ने अमरीकी नौसेना के युद्धपोत पर दागी क्रूज मिसाइल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूएसएस लैबून विध्वंसक यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) की ओर से लाल सागर में किए गए मिसाइल हमले की चपेट में आ गया हालांकि युद्धपोत से टकराने से पहले ही मिसाइल को रोक लिया गया। अमरीकी सेंट्रल कमांड ने सोमवार को कहा कि 14 जनवरी को शाम लगभग 4:45 बजे (सना समय), एक एंटी–शिप क्रूज़ मिसाइल को यमन के ईरानी समर्थित हाउती उग्रवादी इलाकों से यूएसएस लाबून (डीडीजी 58) की ओर दागा गया, जो दक्षिणी लाल सागर में सक्रिय था।



बयान में कहा गया है कि एक अमरीकी लड़ाकू जेट ने यमन के तट पर अल हुदायदाह शहर के पास इस मिसाइल को नष्ट कर दिया। नवंबर 2023 में हाउती ने इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने के अपने इरादे की घोषणा की तथा अन्य देशों के जहाजों से अपने चालक दल को वापस बुलाने का आग्रह किया। हाउती ने तब तक अपने हमले जारी रखने का संकल्प लिया है जब तक कि इजरायल गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई समाप्त नहीं कर देता।

गौरतलब है कि अमरीकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने 19 दिसंबर को लाल सागर को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन मिशन में भाग लेंगे। हाउती ने अमेरिका के नेतृत्व वाले समुद्री गठबंधन में शामिल होने वाले किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम ली थी।

इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने यमन के चार प्रांतों में 23 हवाई हमले किए, जिनमें राजधानी सना, अल हुदैदा, ताइज़ और सदाह शहर शामिल थे। बाद में यूएस एयर फ़ोर्स सेंट्रल ने बताया कि यमन में हाउती के खिलाफ अमेरिकी हमलों ने 16 अलग–अलग स्थानों पर 60 से अधिक लक्ष्यों को निशाना बनाया।

हाउती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने बाद में बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हाउती ठिकानों पर 73 हमले किए, जिसमें पांच लड़ाके मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। हाउती की उच्च राजनीतिक परिषद के सदस्य मोहम्मद अली अल–हाउती ने पश्चिमी हमलों को ‘बर्बर आतंकवाद’ और ‘जानबूझकर अनुचित आक्रामकता’ बताया।

## अमेरिका में एयर गुब्बारा फटने से चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस ,(एजेंसी)।** अमेरिका के रेगिस्तानी राज्य एरिजोना में एक एयर गुब्बारा फट गया जिससे चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। एलॉय पुलिस विभाग के अनुसार यह हादसा स्थानीय समय सुबह लगभग सात बजकर 50 मिनट पर ग्रामीण रेगिस्तानी इलाके में हुआ। यह इलाका राज्य की राजधानी फीनिक्स से लगभग 105 किमी दक्षिण–पूर्व में है। स्थानीय ‘केएनएक्सवी’ समाचार चैनल के अनुसार हादसे के समय एयर गुब्बारे में आठ स्काइडाइवर, चार यात्री और एक पायलट सहित कुल 13 लोग थे।दुर्घटना से पहले स्काइडाइवर गुब्बार से बाहर निकल गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने अधिकारियों को बताया कि जोरदार धमाके से पहले गुब्बारा सीधा ऊपर और नीचे गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि अन्य तीन घायलों की बाद में मृत्यु हो गई। एक व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के अधिकारियों ने कहा, गर्म हवा का गुब्बारा तकनीकी समस्या के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एनटीएसबी और संघीय उड्डयन प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं।

## ब्राज़ील में बाढ़ से कम से कम 11 लोगों की गई जान

**रियो डी जनेरियो ,(एजेंसी)।** ब्राजील के रियो डी जनेरियो में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ से कम से कम 11 लोग काल के गाल में समा गये। शहर में आपातकाल की स्थिति की घोषणा कर दी गयी है। ब्राजीली मीडिया ने रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर के उत्तरी हिस्से में बारिश के कारण बाढ़ आई। इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया के अनुसार बाढ़ के कहर का बसों और अन्य यातायात माध्यमों के संचालन पर भी असर पड़ा है। अधिकारियों ने सभी पूर्व नियोजित कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है।रिपोर्ट के अनुसार शहर में आपातकाल की स्थिति घोषित है।

## अमेरिका व ब्रिटेन ने यमन के होदेइदाह पर नया हमला किया शुरू : रिपोर्ट

**सना ,(एजेंसी)।** अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन के लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह पर एक नया हमला किया है। बीती शाम को किए गए हमले में शहर के उत्तरी हिस्से में अल्लुहेया जिले में जादा पर्वत को निशाना बनाया गया। यह हमला तीन दिनों में अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धक विमानों द्वारा किए गए इसी तरह के हवाई हमलों की श्रृंखला में नवीनतम था।अमेरिका और ब्रिटेन ने कहा है कि ये हमले यमनी हौथी समूह को वैश्विक व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण जलमार्ग, लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर आगे हमले शुरू करने से रोकने के प्रयास में किए गए थे।

## 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी : शशि थरूर

**कोझिकोड ,(एजेंसी)।** इस बात पर जोर देते हुए कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी, कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि ऐसी संभावना है कि मौजूदा सरकार का संख्या बल थोड़ा कम हो सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे दृढ़ता से लगता है कि उन्हें उस स्तर तक नीचे लाया जा सकता है, जहां कई संभावित सहयोगी उनके साथ शामिल नहीं होना चाहेंगे।" कोझिकोड समुद्र तट पर आयोजित केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) के दौरान राजनेता–लेखक ने कहा कि यह देखते हुए कि भारत के विविध रंग हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि इंडिया गठबंधन को सभी राज्यों में पूर्ण समझौता करना पड़े। इंडिया गठबंधन के सदस्यों के बीच सीट–बंटवारे के मुद्दे पर बात करते हुए थरूर ने रोकी जा सकने वाली हार सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक राज्यों में एक व्यवस्था की उम्मीद जताई। कांग्रेस नेता ने केरल और तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए टिप्पणी की कि केरल में यह कल्पना करना कठिन है कि सीपीएम और कांग्रेस सीट बंटवारे पर सहमत होंगे, हालांकि, तमिलनाडु में सीपीआई, सीपीएम, कांग्रेस और डीएमके एक साथ हैं और कोई विवाद नहीं है।

# थंडर के खिलाफ रेनेगेड्स के बीबीएल मैच के बाद शॉन मार्श पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेंगे

सिडनी , ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज शॉन मार्श ने घोषणा की है कि मेलबर्न रेनेगेड्स के सिडनी थंडर के खिलाफ मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन का अपना अंतिम मैच खेलने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

मार्श ने अपने रेनेगेड्स टीम के साथी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने का अनुसरण किया है। उन्होंने पिछले घरेलू सत्र के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है, मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ महान लोगों से मिला हूं और मैंने जो दोस्ती बनाई है वह जीवन भर रहेगी। यह खेलने वाला समूह विशेष है। वे मेरे लिए अद्भुत रहे हैं, अद्भुत टीम के साथी और और भी अच्छे दोस्त।हमारे सदस्य और प्रशंसक सबसे अधिक भावुक हैं और मैं यात्रा के दौरान उनके समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं। हमारे साथ बने रहें, इस समूह में बड़ी मात्रा में प्रतिभाएं हैं और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे इस समूह का नेतृत्व करेंगे।



मार्श ने बीबीएल क्लब द्वारा जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के कोचों और कर्मचारियों और पर्दे के पीछे के सभी लोगों को झ शुरू से और मेरे अंतिम वर्षों में मेरा समर्थन करने के लिए धन्यवाद। इससे बीच में मेरा काम थोड़ा आसान हो गया है।

40 वर्षीय ने पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ 40 मैचों के बाद बीबीएल के नौवें सीजन से पहले रेनेगेड्स में कदम रखा, जिसमें बैक-टू-बैक चैंपियनशिप खिताब शामिल थे। शीर्ष क्रम में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने की उनकी क्षमता ने उन्हें रेनेगेड्स के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बना दिया।

मार्श, जिन्होंने 2008 से 2019 तक तीनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, वर्तमान में बीबीएल में सर्वकालिक रन-स्कोरर सूची में छठे स्थान पर हैं। एसओएस उन लोगों में से एक है जिसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके साथ या उसके खिलाफ खेलने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा सार्वभौमिक रूप से पसंद और प्रशंसा की जाती है। अगर ऑस्ट्रेलिया में मेरे पास कोई बल्लेबाज हो जो साजिश रचने और लक्ष्य का पीछा करने में मदद कर सके, तो वह एसओएस होगा।रेनेगेड्स क्लब के मुख्य कोच डेविड सेकर ने कहा, उनके पास असली ताकत है और उनके पास सही समय पर सही शॉट का इंतजार करने का अनुभव है जो टी20 क्रिकेट में महत्वपूर्ण है। 40 साल की उम्र में मैन ऑफ द मैच प्रदर्शन करना शॉन की तैयारी और इसके प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## पैर की चोट के कारण बेरेटिनी को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा



मेलबर्न , मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हट गए। यह घोषणा की गई। पूर्व शीर्ष 10 स्टार को सातवीं वरीयता प्राप्त और गत फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास के खिलाफ पहले दौर में भिड़ना था। बेल्जियम के जिज़ौ बर्ग्स ग्रीक खिलाड़ी का सामना करने के लिए भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी के रूप में कदम रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया ओपन के बयान में कहा गया है, मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण प्तऑस्ट्रेलिया ओपन से हट गए हैं। ड्रॉ में उनकी जगह जिज़ौ बर्ग्स लेंगे। बेरेटिनी ने पिछले साल के यूएस ओपन के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं की है, जहां वह टखने की चोट के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से रिटायर हो गए थे। 2023 में मांसपेशियों में चोट के कारण कुछ हफ्तों के लिए खेल से दूर रहने के कारण 27 वर्षीय खिलाड़ी पुरुषों की रैंकिंग में 125वें स्थान पर खिसक गए हैं।

## 'मेरी सफलता के पीछे उसका हाथ...' शिखर धवन ने किया बड़ा खुलासा



नई दिल्ली। भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने खिलाड़ियों से जुड़े कई खुलासे किए हैं। शिखर धवन ने रोहित शर्मा को अपना बेस्ट ओपनिंग पार्टनर बताया। वहीं, पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को लेकर भी बड़ा बयान दिया। अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और रोहित शर्मा को वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे शानदार ओपनिंग पार्टनर में से एक के रूप में जाना जाएगा है। दोनों ने पहली बार 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में एक साथ ओपनिंग की शुरुआत की थी।

**शिखर धवन ने किए कई खुलासे**

धवन ने हाल ही में कहा था कि उनकी सफलता के लिए रोहित काफी हद जिम्मेदार हैं, क्योंकि दोनों के बीच काफी अच्छी समझ है और वे एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए, शिखर धवन ने रोहित शर्मा और एमएस धोनी को लेकर कई खुलासे किए।

शिखर धवन ने कहा, जब मैं और रोहित शर्मा दोनों एक साथ ओपनिंग करते हैं, तो दूसरे छोर पर खड़े रोहित दबाव को कम कर देते थे। हम दोनों एक दूसरे को समझते थे। रोहित के साथ ओपनिंग करना हमेशा कंफर्टेबल रहा। हमने एक साथ लगभग 6000 से अधिक रन बनाए हैं। रोहित और मैंने भारतीय क्रिकेट के लिए सबसे सफल ओपनिंग साझेदारी में से एक बनाई है।

**18 बार की है शतकीय साझेदारियां**

गौरतलब हो कि 115 वनडे मैचों में रोहित और धवन ने 18 शतकीय साझेदारियों के साथ 45.55 की औसत से 5148 रन बनाए हैं। दोनों एमएस धोनी की कप्तानी में ओपनिंग की शुरुआत की थी। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान धोनी ने दोनों से ओपनिंग करने को कहा था। शिखर ने धोनी की कप्तानी के बारे में भी बात की।

## पीकेएल : पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली के साथ रोमांचक ड्रॉ खेला

जयपुर , यहां के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में अंतिम मिनट के रोमांचक मुकाबले में पटना पाइरेट्स दबंग दिल्ली के खिलाफ 39-39 से बराबरी हासिल करने में सफल रही।

दिल्ली दबंग के आशु मलिक ने आठवें मिनट में सुपर रेड के साथ खेल को परवान चढ़ाया और पटना पाइरेट्स की रक्षात्मक तिकड़ी झ मनीष, अंकित और कृष्ण को मात दे दी। ऑल-आउट को रोकने के प्रयास में मंजीत ने शानदार सुपर टैकल को अंजाम दिया और अपनी टीम को खेल में बनाए रखा।

दिल्ली दबंग केसी ने 16-10 की बढ़त हासिल करते हुए पहला ऑल-आउट लागू किया। इसने पटना पाइरेट्स को फिर से संगठित होने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। शुरुआत में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद सचिन ने रेड अंकों का योगदान दिया। प्रमुख कारक मलिक थे, जिन्होंने 9 महत्वपूर्ण अंक हासिल किए, जिससे दिल्ली दबंग केसी को हाफटाइम में छह अंकों का फायदा हुआ।





मलिक की रेडिंग का दबदबा दूसरे हाफ में भी कायम रहा, जिससे पटना पाइरेट्स लड़खड़ा गई। जल्द ही दूसरा ऑल-आउट हुआ, जिससे दिल्ली दबंग को 28-19 की शानदार बढ़त मिल गई।मजबूत शुरुआत के बावजूद दिल्ली दबंग केसी को अंतिम क्वार्टर में पटना पाइरेट्स के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी संख्या में कमी आई। मोहित ने अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण सुपर टैकल किया, लेकिन आशीष को आक्रमक खेल के लिए पीला कार्ड मिला।फिर, पटना पाइरेट्स ने तीन मिनट शेष रहते हुए और अंतर को चार अंकों तक सीमित करते हुए ऑल-आउट कर दिया।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338

## 'गुजरात टाइटंस में नौकरी के लिए आशीष नेहरा से पूछा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया' युवराज सिंह ने किया बड़ा खुलासा







नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने खुलासा किया कि उन्हें गुजरात टाइटंस ने कोई पद देने से इंकार कर दिया। किसी आईपीएल टीम का मेंटर बनने के संकेत देने वाले युवराज सिंह ने खुलासा किया कि उन्होंने गुजरात टाइटंस के हेड कोच आशीष नेहरा से बातचीत की, लेकिन बाद में उन्हें मना कर दिया गया।

युवराज सिंह आईपीएल के स्टार खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वो पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 132 आईपीएल मैचों में 2750 रन बनाए, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 83 रन था।

युवराज सिंह ने क्या कहा

देखते हैं कि मुझे क्या मौका मिलेगा। मगर मेरी प्राथमिकता मेरे बच्चे हैं। एक बार उनका स्कूल शुरू हो गया, तो मेरे पास ज्यादा समय रहेगा। तब मैं कोचिंग चुन सकता हूं। मुझे युवा लड़कों के साथ काम करना पसंद है। विशेषकर अपने राज्य के युवाओं के साथ। मुझे लगता है कि मेंटरिंग ऐसी चीज है, जो मुझे करना पसंद है। निश्चित ही मैं एक आईपीएल टीम का मेंटर बनना चाहता हूं। मेरा इस पर ध्यान है।

मैंने पद के लिए गुजरात टाइटंस के हेड कोच आशीष नेहरा से बातचीत की, लेकिन बाद में मना कर दिया गया। देखते है कहीं, ओर जगह मिलती है। मगर इस समय मुझे संतुलित करना पड़ता है। तो आने वाले सालों में क्रिकेट को कुछ लौटाना चाहू तो युवाओं को बेहतर करने में मदद करूंगा। मैं बहुत योगदान से सकता हूं।

भारत को खिताब की तलाश

युवराज सिंह ने भारतीय टीम में मेंटरशिप भूमिका निभाने में भी दिलचस्पी दिखाई है। भारतीय टीम आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार लंबे समय से कर रही है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम खिताब जीतने से चूक गई। भारत के पास टी20 वर्ल्ड कप 2024 खिताब जीतने का मौका है। टीम इंडिया ने अपना आखिरी आईसीसी खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में जीता था।